संजय कुमार–।।
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश–प्रथम
खगड़िया

Supl. Begusarai SC/ST PS Case No. 101 of 2006

तिथि	आदेश	अभियुक्ति
13.03.2026	अभियुक्त सदन कुमार उर्फ अमर कुमार की हाजिरी है तथा वाद अभियुक्त लालो रजक की उपस्थिति हेतु चला आ रहा है। बचाव पक्ष के विद्वान अधिवक्ता द्वारा अभिलेख पर समझौता आवेदन दिनांक 10.10.2025 को दाखिल किया गया है। जिसके अवलोकन से प्रतीत होता है कि वाद में समझौता हो गया है। विद्वान अधिवक्ता द्वारा आवेदन दाखिल कर अनुपस्थित अभियुक्त लालो रजक के वाद को पृथक करने का अनुरोध किया गया है तथा उपस्थित अभियुक्त सदन कुमार उर्फ अमर कुमार के विरूद्ध आरोप गठन का अनुरोध किया गया है। सुना तथा अभिलेख का अवलोकन किया। अभिलेख अवलोकन से विदित होता है कि इस वाद में समझौता हो गया है तथा भविष्य में भी सूचक द्वारा वाद का समर्थन नहीं किये जाने की संभावना प्रतीत होती है। ऐसी स्थिति में वाद को यूँ ही चलाये जाने का कोई औचित्य नहीं है। अतः अभियुक्त सदन कुमार उर्फ अमर कुमार एवं अभियुक्त लालो रजक को वाद से **उन्मोचित** किया जाता है। कार्यालय अभिलेख को नियमानुसार अभिलेखागार में जमा करें। (लेखापित एवं शुद्धित) अपर सत्र न्यायाधीश–1 खगड़िया।	